Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जिला झुंझुनूं के कार्यालय सहाकय अभियंता एवीवीएनएल, ओ.एण्ड.एम. चिडावा जिला झुंझुनूं में पदस्थापित श्री आजाद सिंह, सहायक अभियंता व श्री नरेन्द्र सिंह सहायक प्रशासनिक अधिकारी को 30,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 10 जून, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी झुंझुनूं ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपीगण श्री आजाद सिंह, सहायक अभियंता व श्री नरेन्द्र सिंह सहायक प्रशासनिक अधिकारी को 30,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी झुंझुनू ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की फाईलो को अप्रुव करने की एवज में आरोपीगणो द्वारा 40,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा रहा है और दौराने सत्यापन दिनांक 10.06.2025 को परिवादी से फाईलो को अप्रुव करने के लिए 30,000 रूपये की मांग की गई थी।

जिस पर एसीबी रेंज जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राहुल कोटोकी** के सुपरविजन में एसीबी चौकी झुंझुनू के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इस्माईल खान** के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण श्री आजाद सिंह, सहायक अभियंता व श्री नरेन्द्र सिंह सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय सहाकय अभियंता एवीवीएनएल, ओ.एण्ड.एम. चिडावा जिला झुंझुनूं को 30,000/– रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपीगणो से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।